सत्र : 2024-25

प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

कक्षा : पाँच — **विषय : हिंदी (द्वितीय भाषा)**

समय : 3 घंटे — **पूर्णांक (लिखित) = 80 अंक**

आंतरिक मूल्यांकन == 20 अंक

नोट :

- **05 अंक सुंदर एवं स्पष्ट लिखाई के निर्धारित किए गए हैं। अक्षरों एवं शब्दों के सामान्य आकार , अक्षरों की स्पष्टता , अक्षरों एवं शब्दों के बीच की निश्चित दूरी लिखने में एकसारता एवं प्रवाह युक्त लेखन आदि के आधार पर अध्यापक परीक्षार्थी की लिखाई का मूल्यांकन करेगा।**
- **प्रश्न पत्र में कुल 4 भाग होंगे (क, ख, ग, घ)।**
- **प्रश्न पत्र में कुल 10 प्रश्न होंगे।**
- **सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।**

भाग - क

बहुविकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न : (10x2=20)

प्रश्न 1 : निम्न विषयों में से कोई 10 प्रश्न पूछे जाएंगे , सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे , प्रत्येक प्रश्न के दो अंक होंगे। अनेक शब्दों के लिए एक शब्द , मुहावरे , शब्दों के समूह में से सबसे अलग शब्द पर गोला लगाना , र के शुद्ध रूप पहचानना , शुद्ध-अशुद्ध शब्द पहचानना , अनेक शब्दों के लिए एक शब्द , लिंग बदलना , वचन बदलना , विलोम शब्द , शब्दकोश के अनुसार शब्दों को क्रम में करना , पर्यायवाची शब्द बताना , किसने किसे कहा , वर्तनी के आधार पर शुद्ध वाक्य बनाना , शब्दार्थ , पाठ के आधार पर प्रश्न आदि ।

अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

प्रश्न 2 : पाठ्य पुस्तक में से 60-80 शब्दों का गद्यांश लिया जाएगा और उस पर आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे , तीन प्रश्नों के उत्तर गद्यांश में से ढूंढ कर लिखने के लिए होंगे अन्य दो प्रश्न कठिन शब्दों के अर्थ , रिक्त स्थान, विलोम शब्द , केंद्रीय भाव मूल भाव आदि से संबंधित हो सकते हैं प्रत्येक प्रश्न के दो अंक होंगे। (5x2=10)

प्रश्न 3 : कोई भी चित्र (पाठ्य पुस्तक आधारित) /इश्तिहार (किसी प्रकार का भी हो सकता है जैसे दुकान में सेल, मेले का आमंत्रण, नौकरी के लिए कर्मचारियों की जरूरत आदि) दिया जाएगा। इश्तिहार से संबंधित पाँच प्रश्न पूछे जाएंगे सभी प्रश्न दो अंकों के होंगे। (5x2=10)

भाग – ख — **पाठ्य पुस्तक**

प्रश्न 4 : पाठ्य पुस्तक के गद्य भाग में से 8 लघु प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से 5 प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए कहा जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के 3 अंक होंगे। (5x3=15)

प्रश्न 5 : पाठ्य पुस्तक में से कोई दो कविताएँ दी जाएंगी जिस में से किसी एक कविता की पंक्तियाँ पूरी करने के लिए कहा जाएगा। (4x1=4)

प्रश्न 6 : इसमें हाँ/नहीं अथवा रिक्त स्थानों की पूर्ति अथवा सही /गलत अथवा मिलान कीजिए, प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से किसी भी प्रकार से निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है। (3 x 1=3)

भाग-ग

अनुवाद

प्रश्न 7 : पाठ्य पुस्तक में से पंजाबी के 5 शब्दों में से किन्ही 3 शब्दों का हिंदी में अनुवाद करने के लिए कहा जाएगा प्रत्येक एक अंक का होगा। (3 x 1=3)

कठिन शब्दों के अर्थ

प्रश्न 8 : पाठ्य पुस्तक में से 5 कठिन शब्द दिए जाएंगे जिनमें से 3 के अर्थ बताने के लिए कहा जाएगा प्रत्येक 1 अंक का होगा । (3 x 1=3)

प्रश्न 9 : कोई दो शब्द दिए जाएंगे जिसमें से किसी एक शब्द को दो विभिन्न वाक्य में प्रयोग करते हुए उनके भिन्न अर्थ स्पष्ट करने होंगे । अथवा

दिए गए संयुक्त अक्षर से अर्थपूर्ण शब्द बनाएँ । (2 x 1=2)

भाग-घ

रचनात्मक लेखन

प्रश्न 10 : चित्र को ध्यान से देखते हुए रिक्त स्थान भरते हुए गद्यांश पूर्ण करें । (5 x 1=5)